## प्रथम नवरात्र पर श्रद्धालु मां शैलपुत्री की करेंगे उपासना

**मां दुर्गा के 9 स्वरुपों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है**

# शारदीय नवरात्र आज से जगमग हुए मंदिर, जमकर हुई खरीदारी

**मां दुर्गा की शक्तियां विषम परिस्थितियों में भी अपने उपासकों की करती है रक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

संकल्पी शक्ति के साथ ईश्वरीय शक्ति का मेल हर मनोरथ को पूर्ण कर सकता है। शारदीय नवरात्रों का यही संदेश है। मां दुर्गा के नवरात्रे 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं। मां दुर्गा के 9 स्वरुपों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। प्रथम नवरात्रे पर उपासक मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूरे विधि विधान के अनुसार उपासना करेंगे व मां दुर्गा के व्रत भी रखेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जो उपासक मां भगवती दुर्गा की शरण में आ जाते हैं, उनका कभी कोई अमंगल नहीं होता। मां दुर्गा की शक्तियां विषम परिस्थितियों में भी अपने उपासकों की रक्षा करती है। शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मी मां दुर्गा के प्रथम रुप का नाम शैलपुत्री है। मां शैलपुत्री पार्वती और हेमवती नामों से भी जानी जाती हैं। मां का वाहन वृषभ है और इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है। मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्ति के लिए षोडशोपचार पूजन के बाद नियमानुसार उपासकों को गाय का घृत मां को अर्पित करना चाहिए और फिर वह घृत ब्राह्मण को दे देना चाहिए। मां शैलपुत्री की पूजा करने से कभी रोग नहीं होते। मां की पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल मिलता है।




रेवाड़ी। पुरानी सब्जीमंडी में नवरात्र की खरीदारी करते श्रद्धालु तथा मोती चौक पर नवरात्र की खरीदारी करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



### श्रद्धालुओं ने देर रात तक की खरीदारी

शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर शहर के मोती चौक बाजार, गुड बाजार व पैठ बाजार सहित शॉपिंग कॉम्पलैक्स में पूजन सामग्री तथा खाद्य सामग्री खरीदने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शहर के मुख्य मोती चौक बाजार में सामान खरीदने वालों की ज्यादा भीड़ दिखाई दी। दुकानों पर मां दुर्गा की पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री व श्रद्धालुओं द्वारा व्रत रखे जाने की वस्तुओं खूब बिक्री रही।

## आज गजकेसरी योग में होगी घट स्थापना



22 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्र में इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। मां का वाहन हाथी ज्ञान व समृद्धि का कारक है। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि देवी का वाहन हाथी शुभ माना जाता है, यह देश के लोगों को सुख व ज्ञान में वृद्धि करेगा। नवरात्र में दुर्गा आराधना विशेष श्रेष्ठकर है। इस बार 10 दिन की नवरात्रि होगी। ज्योतिषाचार्य ने कहा कि शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी। तस्यां ममैतन्माहात्म्यं श्रुत्वा भक्तिसमन्वितः। सर्वाबाधाविनिर्मुक्तो धनधान्यसुतान्वितः। मनुष्यों मत्प्रसादेन भवष्यति न संशयः। दुर्गासप्तशती अर्थात शारदीय नवरात्रि शरदकाल में जो वार्षिक पूजा की जाती है, उस अवसर पर जो इस माहात्म्य को भक्ति पूर्वक सुनेगा, वह मनुष्य माता के प्रसाद से सब बाधाओं से मुक्त तथा धन-धान्य एवं पुत्र से संपन्न होगा। यह धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष को प्रदान करने वाला है। नवरात्रि में दुर्गासप्तशती का पाठ, दुर्गा चालीसा, देवी मंत्र, ॐ ऐं ह्रीम क्लीं चामुण्डायै विच्चे मंत्र का जप करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। दुर्गा सप्तशती में 360 शक्तियों का वर्णन है। शास्त्री ने बताया है कि शक्ति पूजन के साथ भैरव पूजन भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि दुर्गा सप्तशती का हर मंत्र ब्रह्मवशिष्ठ विश्वामित्र ने साबित किया है, शापोद्धार के बिना पाठ का फल नहीं मिलता। दुर्गासप्तशती के 6 अंगों सहित पाठ करना चाहिए। दुर्गा सप्तशती के चरित्र का क्रमानुसार पाठ करने से शत्रुनाश, लक्ष्मी की प्राप्ति व सर्वदा विजय होती है। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि देवीपुराण में द्विस्वभाव लग्नयुक्त प्रातःकाल देवी का आह्वान व पूजन करने का विधान है। द्विस्वभाव कन्यालग्न प्रातः 5:53 से 8:08 तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:52 से 12:40 तक, शुभ चौघड़िया प्रातः 9:15 से 10:45 तक रहेगी। नवरात्रि में देवी मां को श्रृंगार का सामान चढ़ाना चाहिए। नारियल और गुड़हल का फूल चढ़ाने से मां भगवती प्रसन्न हो जाती हैं। तथा सभी मनोकामना पूर्ण करती है।



### पंजाबी धर्मशाला में मां दुर्गा की वंदना

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार का पंजाबी धर्मशाला में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में मां दुर्गा की वंदना का कार्यक्रम तूने मुझे बुलाया शेरांवालिए का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव, समाजसेवी आदर्श राजपाल व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में सभी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हुए अपने जीवन की दिव्यता का अनुभव करते हैं। घरों के मंदिर में मां की अखंड ज्योत जलाते हैं। नौ दिन जब हम पवित्रता पूर्वक रहते हैं तो दसवें दिन विजयदशमी अर्थात रावण का अंत होना निश्चित हो जाता है। मन के विकार नष्ट हो जाते हैं। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा, समाजसेवी हरबंस लाल खुराना, उपप्रधान हेमंत ग्रोवर व डा. बलबीर अग्रवाल ने कहा कि मां दुर्गा के आठ हाथ प्रत्येक में छिपी संकल्पशक्ति का प्रतीक है। जब हम हृदय में मां दुर्गा का आह्वान करते हैं तो हमारी सात्विक मार्ग पर चलने की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। महिला प्रधान निशा सीकरी, समाजसेविका अमिता ग्रोवर, डा. नीतू पुन्हानी व शिक्षाविद प्रीति कपूर ने कहा कि मां दुर्गा का वाहन शेर हमारे महान चरित्र का प्रतीक है। जब हमारे विचार पवित्र होते हैं तो हम निर्भय हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी तरह की प्रतिकूलताएं आए तो उनका हम आसानी से सामना कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 135 ने कराई जांच

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 135 मरीजों को ओपीडी सेवाएं तथा फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में डा. एस पी यादव ने मेडिसन, डा. आत्म प्रकाश यादव ने हड्डीरोग, डा. पवन यादव ने न्यूरो सर्जरी, डा. कंचन यादव ने नेत्ररोग व डा. कोमल यादव ने दंत रोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप में डा. कंचन यादव ने आंखों की जांच करने के बाद जरूरतमंद नेत्र रोगियों को निःशुल्क 32 चश्में भी वितरित किए। कैंप में लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने भी फ्री फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में यादव सभा के प्रधान रामबीर यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह, अमर सिंह, रामसिंह, सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव, शशिभूषण व सुरेंद्र सिंह ने सहयोग दिया।



### स्टेट जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम का हुआ चयन

कोसली। कारोली गांव में रविवार को 38वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जिला एथलेटिक्स टीम का चयन संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रदीप डागर व वशिष्ठ अतिथि लक्की राव ने बच्चों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की 200 मीटर दौड़ में अमन ने प्रथम व जितेन्द्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में भारती ने प्रथम व अंजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की 600 मीटर दौड़ में दिपांशु ने प्रथम व प्रिंस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की लड़कियों की 600 मीटर दौड़ में सोनिया ने प्रथम व नीतिशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की लड़कियों की दौड़ में मानवी ने प्रथम व संजना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



### सेवा पखवाड़ा में पंच परिवर्तन विषय पर की चर्चा

कोसली। नठेड़ा गांव में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव के आवास पर रविवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंच परिवर्तन विषयों के अर्न्तगत स्वदेशी, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन एवं नागरिक समरसता को लेकर चर्चा आयोजित की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि पंच परिवर्तन के इन पांच आयामों को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक समाज इन संकल्पों को आत्मसात नहीं करेगा, तब तक राष्ट्र की सशक्त उन्नति संभव नहीं है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि समाज में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता चलाई जाएगी।

### सेवा पखवाड़ा में प्रश्नोत्तरी एवं पीपीटी प्रतियोगिता

रेवाड़ी। सेवा पखवाड़ा के तहत खंड जाटूसाना में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पीपीटी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में 43 विद्यालयों के 140 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि 78 विद्यार्थियों ने हरियाणा की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक विरासत तथा रेवाड़ी की स्थानीय धरोहर को विषय बनाकर अपनी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बेहद रोचक और प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विपिन कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटूसाना ने सहयोग दिया। निर्णायक मंडल में मनीषा बीआरपी, संजय पीजीटी, सुमेर सिंह पीजीटी, उमा टीजीटी, मुकेश पीजीटी व राजेंद्र एबीआरसी ने भूमिका निभाई, वहीं विवेक कुमार लेखाकार, नरेश चौहान, दिनेश एवं अरविंद ने आयोजन में सराहनीय सहयोग दिया।

### सुमन शर्मा जेजेपी महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त



रेवाड़ी। जननायक जनता पार्टी ने राजनीति में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देते हुए कुतुबपुर निवासी सुमन शर्मा को महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर सुमन शर्मा ने कहा कि पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी का वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगी। उन्होंने पार्टी के संरक्षक चौ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री चौ. दुष्यंत सिंह चौटाला, महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, महिला प्रदेश प्रभारी किरण पूनिया और जिला अध्यक्ष चौ. विजय पंच का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगी।

### जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आज

रेवाड़ी। लघु सचिवालय सभागार में 22, सितंबर को दोपहर बाद 3 बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि केंद्रीय सांख्यिकी, कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सहित बैठक में समय पर पहुंचने के निर्देश दिए है।



रेवाड़ी। सेक्टर-1 की सड़क पर कार्य करता ठेकेदार का कारिंदा।

## चार माह पहले बनी सड़क मामले में लीपापोती शुरू

**आज डीसी से मिलेंगे सेक्टरवासी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जवाहर लाल नेहरू पार्क से सोलहराही मंदिर तक करीब चार माह पहले बनी सड़क के निर्माण में बरती गई अनियमित्ताओं को लेकर सेक्टरवासियों की ओर से की गई शिकायत के बाद अब ठेकेदार ने सड़क में लीपापोती शुरू कर दी है, जिसका रविवार को शिकायतकर्ता व रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने विरोध किया तथा सोमवार को इस संदर्भ में जिला उपायुक्त से मिलने का निर्णय लिया है। करीब चार माह पूर्व सेक्टर-1 में नेहरू पार्क से सोलहराही मंदिर तक सिमेंटेड सड़क का निर्माण किया गया था। सेक्टर के जागरूक नागरिक धीरज मदान ने इस संदर्भ में डीएससी को लिखित शिकायत की थी कि सड़क को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं बनाया गया, इसके साथ लगी हुई इंटरलॉकिंग टाइल्स को भी ठेकेदार द्वारा उठा लिया गया है।

### मापदंडों का पालन नहीं

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र यादव ने बताया कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार सड़क नहीं बनाए जाने की वजह से नेहरू पार्क के मुख्य द्वार के सामने जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। सेक्टर की पुरानी इंटरलॉकिंग टाइल्स अभी तक नहीं लगाई हैं, जगह-जगह मलबा पड़ा है, जिसकी जानकारी सोमवार को जिला उपायुक्त को दी जाएगी। शिकायतकर्ता धीरज मदान ने बताया कि उनके निवास के साथ पहले से बनाई हुई सड़क को तोड़ तो दिया गया, किंतु नए सिरे से अभी तक नहीं बनाया है,न ही पुरानी इंटरलॉकिंग टाइल्स को दोबारा लगाया गया है।

**चित्रगुप्त मंदिर में भजन संध्या का आयोजन**

## गायकों ने मनमोहक भजनों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। चित्रगुप्त मंदिर में भजन गाते गायक व उपस्थित श्रृद्धालु।

श्री सर्व भगवान शिव एवं श्री चित्रगुप्त मंदिर चैरिटी ट्रस्ट एवं श्री चित्रगुप्त सभा की ओर से चित्रगुप्त मंदिर कुतुबपुर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के अध्यक्ष डा. ललित मोहन सक्सेना ने किया। डा. हरिओम कुलश्रेष्ठ सचिव चित्रगुप्त सभा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव के के सक्सेना ने किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा डा. रूचि सक्सेना ने तैयार की। भजन कार्यक्रम गणेश वंदना के साथ शुरू किया। गायक कलाकारों ने लगन तुमसे लगा बैठे, कौन कहता हैं भगवान आते नहीं, तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार, नाम हैं तेरा तारणहारा, सुख के सब साथी, रोम रोम में बसने वाले राम, ऐ शंभूबाबा हैं भोलेनाथ व जरा देर ठहरो राम सहित अनेक भजन सुनाकर कार्यक्रम में समां बांधा। डा. नमिता कुलश्रेष्ठ, मनोज चक्रवर्ती, महेश नामदेव, अनिल ठकराल, त्रिभुवन भटनागर, ललित मोहन सक्सेना, अल्पना खरे, मधुरमा सक्सेना, ईतिश्री, शिखा व जितेन्द्र कुमार ने अनेक भजन सुनाएं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर संजय माथुर, राम कुमार, मुकेश भार्गव, अजय श्रीवास्तव, डा. शिवशान्त चंद्रा, अजय श्रीवास्तव, मोना माथुर, डा. रूचि सक्सेना, सिमरन सांगवान, मुकेश लांबा, इंदु श्रीवास्तव, चन्द्रवती, सुमन ठकराल, सोनिया चक्रवर्ती, अभिलाषा नामदेव, प्रदीप भार्गव, प्रमिला भार्गव, पूनम भारद्वाज, डा. रजनी चंद्रा, अंशुमन सिंह भटनागर, अनुपम कुलश्रेष्ठ, अलय सक्सेना, मधु भार्गव, वैभव भर्गव, अंजू नांरग, दीपक श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव व अंकित नांरग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

**डीएसपी कोसली ने लोगों को किया जागरूक**

## साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखें गोपनीय जानकारी किसी को न दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली



जिला पुलिस की ओर से दो अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक और जन-हितैषी अभियान चलाए जा रहे है। अभियान के दौरान पुलिस आमजन को स्वच्छता, पौधारोपण, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, साइबर सुरक्षा, रक्तदान और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। रविवार को डीएसपी कोसली विद्यानंद ने अपनी टीम सहित गांव आशियाकी गौरावास व रतनथल का ग्रामीण भ्रमण किया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान रोहड़ाई थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार व डीएसपी रीडर एसआई सुनील कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अपराध पर अंकुश, महिला सुरक्षा व नशे पर रोकथाम लगाना पुलिस की प्राथमिकता है।

**श्री शिव रामलीला समिति कर रहा आयोजित**

## नई अनाजमंडी में रामलीला का मंचन 23 से, स्टेज हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



श्री शिव रामलीला समिति नई अनाजमंडी की ओर से प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन 23 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। समिति के प्रधान नवल किशोर गुप्ता के नेतृत्व में सभी सदस्यों व कलाकारों ने बल्ली पूजन किया। पंडित दलीप शास्त्री और पंडित किशनचंद वशिष्ठ ने मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत बल्ली का पूजन किया तथा हनुमान का किरदार निभाने वाले विपिन्न अग्रवाल ने स्टेज के ऊपर हनुमान जी की ध्वजा भी लगाई। समिति के महासचिव दीपक मंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के बैठने के लिए विशेष प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर निर्देशक कपिलचन्द शर्मा, डा. श्याम बिहारी, मंच संचालक नगर पार्षद भूपेन्द्र गुप्ता, प्रेस सचिव एडवोकेट नितेश अग्रवाल, उपनिदेशक संजीव वशिष्ठ, मुकेश चांवरिया, गिरिश गुप्ता, रोशनलाल, मनोज गुप्ता, सलाहकार पंडित किशनचन्द वशिष्ठ, कलाकार आशीष आदि मौजूद रहे।

**अग्रवाल सभा : तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव शुरू**

## प्रथम विजेता शगुन रही, जिन्होंने मोटरसाइकिल जीती

**लकी ड्रा में निकाले आकर्षक इनाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अग्रवाल सभा की ओर से शनिवार रात्रि से तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ सेक्टर-3 स्थित हुडा ग्राउंड में किया गया। अग्रवाल सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता एवं अग्रसेन जयंती समारोह के चेयरमैन लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर शनिवार रात्रि दीपावली मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामकिशन गुप्ता भालखी वाले ने शिरकत की तथा अध्यक्षता मनीष अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि आलोक सिंहल व विशिष्ट अतिथि जतिन अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अटेली मंडी थे।



रेवाड़ी। हेमंत अग्रवाल को एलईडी भेंअ करते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

समारोह में आईजीयू के रजिस्ट्रार प्रोफेसर दिलबाग सिंह व आईजीयू की महाराजा अग्रसेन चेयर की अध्यक्ष ममता गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रही। अग्रवाल सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता, उपप्रधान एडवोकेट राकेश गुप्ता, महासचिव राजीव गोयल, सहसचिव संदीप गोयल, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, जयंती समारोह के चेयरमैन लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सहचेयरमैन एडवोकेट मोहित गोयल व महिला विंग की प्रधान मोना गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन मीडिया प्रभारी हेमंत अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर समाज के कॉलेजियम सदस्य, वैश्य समाज के प्रधान एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया शुभारंभ

अतिथियों ने सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश वंदना से किया गया। समारोह में लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया। नन्हें बालक शिवेन गुप्ता ने लक्की ड्रा निकाले। प्रथम विजेता शगुन रही, जिन्होंने मोटरसाइकिल जीती, द्वितीय विजेता एडवोकेट अक्षय गुप्ता ने इलेक्ट्रिक स्कूटी जीती, तृतीय विजेता अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी हेमंत अग्रवाल ने 55 इंच की एलईडी टीवी जीती, चौथे इनाम में विकास शर्मा ने इलेक्ट्रिक बेबी बाइक और पांचवें इनाम में सोनू धनखड़ ने माइक्रोवेव जीता। इसके अलावा अन्य 11 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। अग्रसेन जयंती समारोह में श्री गौरी दत्त कांवेंट स्कूल, महाराजा अग्रसेन स्कूल, हिंदू हाई स्कूल और

## रेलवे कॉलोनी में ड्रामेटिक क्लब का 65वां रामलीला उत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे कॉलोनी स्थित श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से 65वां रामलीला उत्सव 22 सितंबर से शुरू किया जाएगा। स्व. के एल शर्मा की ओर से स्थापित क्लब की ओर से वर्ष 1961 से लगातार रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन के के सक्सेना के निर्देशन में होगा, जबकि मुकेश भारद्वाज व घनश्याम दास शर्मा उप निदेशक की जिम्मेदारी निभाएंगे। दो अक्टूबर तक चलने वाले रामलीला मंचन के बीच में 27 सितंबर को नाटक मंचन किया जाएगा।

- 961 से लगातार रामलीला का किया जा रहा है मंचन



**रामलीला मंचन को लेकर रिहर्सल अंतिम चरण में**

सोमवार रात्रि को पंडित सुरेश शास्त्री व पंडित मोहन लाल शर्मा के पूजन के साथ रामलीला शुरू होगी तथा कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्य कौशिक करेंगे। रामलीला के पहले दिन नारद मोह, नारद द्वारा विष्णु भगवान को श्राप देने, शिव भगवान द्वारा रावण को चन्द्रहास तलवार देने व वेदवती द्वारा रावण को श्राप देने का मंचन किया जाएगा। रामलीला मंचन को लेकर रिहर्सल अंतिम चरण में है। रामलीला में के के सक्सेना, उमेश शर्मा, मुकेश भारद्वाज, घनश्याम दास शर्मा, राजेश शर्मा, ब्रिजेश शर्मा, महेश कौशिक, मेहरचन्द्र, सागर, अनुज, दिवेश शर्मा, मोहित यादव, निखिल रोहिल्या, रोहित, प्रिंस, नरेन्द्र गोयल, संजय सोनी, जितेश, रोशन लाल, जगदीश शर्मा, महेश कुमार, लक्ष्य कौशिक लक्ष्य शर्मा व नवीन अभिनय करेंगे, जबकि म्यूजिक व डांस में श्यामलाल, राम नारायण, पिंकी व राहुल का योगदान रहेगा। रामलीला के मंचन में विष्णु भगवान शर्मा, राम जीवन, युधिष्ठिर यादव, अलोक शर्मा, भगवान दास, राजेश यादव, महेन्द्र कुमार शर्मा, दीपक कुमार, बिल्लु राव, जितेन्द्र शर्मा, सौरव मीणा व राकेश श्रीवास्तव भी सहयोग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कोसली क्षेत्र से विवाहिता लापता

**कोसली।** कोसली क्षेत्र की एक विवाहिता बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। विवाहिता के ससुर ने कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके छोटे बेटे की पत्नी शनिवार दोपहर बाद बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने आस-पडोस में भी पता कर लिया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने उनकी सूचना पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सरपंच नरेश। फोटो :हरिभूमि

### लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**रेवाड़ी।** रामपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपुरा सरपंच नरेश ने की। जिले में दो अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस मौके पर सरपंच नरेश ने सभी को स्वच्छता पर फोकस रखते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।



रेलवे रोड बाजार में अवैध पार्किंग में खड़े वाहन

*सरकुलर रोड सहित मुख्य बाजार में बिगड़ रही व्यवस्था*

# त्योहारी सीजन में बाजार में बढ़ेगी भीड़, अतिक्रमण से घिरी हैं सड़कें, लोगों के बीच घूम रहे गोवंश

रविवार को अमावस्या होने पर जहां सुबह 11 बजे तक शहर की सड़कों पर गोवंश की संख्या न के बराबर रही, वहीं 12 बजे बाद सरकुलर रोड, अनाजमंडी व मुख्य बाजार सहित कॉलोनियों में फिर से गोवंश का जमावड़ा लग गया। शहर में सड़कों पर घूमते ज्यादातर गोवंश पशुपालकों के है, जिनको दूध दोहने के बाद खुले में छोड़ दिया जाता है और बाद में ये गोवंश लोगों के लिए परेशानी बन जाते है। रविवार को बाजर में घुसे गोवंश दिनभर लोगों के लिए आफत पैदा करते रहे।

**बाजार में मोती चौक से गोकल गेट तथा रेलवे रोड की स्थिति ज्यादा खराब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार से शारदीय नवरात्र के साथ फेस्टिवल सीजन शुरू होने जा रहा है। शहर के मुख्य बाजर में लंबे अरसे से व्याप्त अतिक्रमण नासूर बन चुका है। अतिक्रमण के कारण त्योहारी सीजन में स्थिति और भी खराब हो जाती है। प्रशासन की ओर से न तो बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है और न ही सरकुर रोड पर व्यवस्था बन पा रही है। बाजार से गुजरते चौपहियां वाहनों, ऑटो व ई-रिक्शा को रोकने के लिए भी कोई ठोस प्रबंध नहीं किए जा रहे है। यहां तक कि बाजार में दिन में भी लोगों के बीच गोवंश घूम कर परेशानी पैदा कर रहे है। शहर के मुख्य मार्गो व बजार में सड़क पर अवैध पार्किंग में खड़े वाहन भी अव्यवस्था फैलाने में कसर नहीं छोड़ रहे है। बाजर में मोती चौक से गोकल गेट तथा रेलवे रोड की स्थिति ज्यादा खराब है। मुख्य बाजार में सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान जगह घेरे हुए है, वही सड़क के बीचोंबीच खड़ी रेहड़ियां भी परेशानी बनी हुई है। अतिक्रमण से घिरे बाजार में घुसते वाहन जाम की स्थिति पैदा कर रहे है। दुकानदारों का सामान लेकर आने वाले वाहन भी अपनी मनमर्जी के समय में बाजार में अव्यवस्था फैला रहे है।

**दिन में बाजार में घुसते ई-रिक्शा व चौपहिया वाहन बन रहे लोगों की आफत**

**प्रशासन की ओर से न तो बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा और न ही सरकुर रोड पर व्यवस्था बन पा रही**

बाजार से चौपहियां वाहनों, ऑटो व ई-रिक्शा को रोकने के लिए कोई ठोस प्रबंध नहीं किए जा रहे







गोकल गेट पर बेरिकेडिंग के बावजूद घुसता ई-रिक्शा

**बाजार में दिन में भी लोगों के बीच गोवंश घूम कर परेशानी पैदा कर रहे है।**

**शहर के मुख्य मार्गों व बजार में सड़क पर अवैध पार्किंग में खड़े वाहन अव्यवस्था फैलाने में कसर नहीं छोड़ रहे**

### पुलिस ने गोकल गेट पर की बेरिकेडिंग

प्रति वर्ष दिवाली पर्व से पूर्व बाजर में वाहनों को रोकने के लिए भाड़ावास गेट व गोकल गेट पर बांस की बल्लियां व बेरिगेड्स लगाकर व्यवस्था बनाई जाती है। पुलिस की ओर से गोकल गेट से तो बेरिकेडिंग करके चौपहियां वाहनों की बाजार में एंट्री बंद कर दी है, लेकिन अन्य मार्गो से बेधड़क बाजार में घुस रहे वाहन अव्यवस्था फैलाने का काम कर रहे है। कानोड़ गेट से जीवली बाजार होते हुए, सरकुलर रोड से कटला बाजार होते हुए गुर्जरवाड़ा चौक से बारा हजारी होते हुए, पुरानी तहसील से बजाजा बाजार होते हुए व गोल चक्कर से केवल बाजार होते हुए भी चौपहियां वाहन बाजारों में एंट्री कर रहे है। त्योहार पर राहत देने के लिए प्रशासन व पुलिस को और व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

### नगर परिषद की व्यवस्था हो रही फेल

शहर के सरकुलर रोड व बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर परिषद की योजनाएं कई बार फेल हो चुकी है। यहां तक कि प्रतिबंध के बावजूद भी धड़ल्ले से संडे बाजार लगाया जा रहा है। बंद दुकानों के आगे फड़ी लगाकर सामान बेचा जा रहा है। इसके अलावा बाजार में सड़क पर लगी रेहड़ियां भी परेशानी बनी हुई है। रेहड़ी वाले एक जगह न खड़े होकर भीड़भाड़ वाली जगह रेहड़ी खड़ी करके व्यवस्था बिगाड़ रहे है।

**रविवार को मेन बाजार में विचरण करते गोवंश**





# ग्रामीणों ने की रास्ते के निर्माण पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

■ सरपंच पर अपने नीजि स्वार्थ व फायदे का लगाया आरोप

भाकली गांव के कुछ ग्रामीणों ने गांव के सरपंच पर निजी हितों के लिए खेतों में पक्का रास्ता बनाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से रास्ते के निर्माण पर रोक की मांग की है। ग्रामीण रणसिंह, सुरेश कुमार, जयभगवान, सत्यवान, रणबीर व विरेंद्र सिंह ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत भाकली के सरपंच श्याम सिंह की ओर से अपने नीजि स्वार्थ व फायदे के लिए प्लाटिंग करने के लिए खेतों की जमीन खरीद की हुई है और अब सरपंच की ओर से खेतों में जाने वाले रास्ते को टाईल्स से पक्का बनवाया जा रहा है, जबकि उक्त रास्ते पर आमजन का कोई आवागमन भी नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार यह रास्ता एक ही खेत के लिए लगता है और शेष रास्ता निजी है। ग्रामीणों की मांग है कि उक्त रास्ते को बीच से न बनाकर शुरू से ही बनाया जाए। ग्रामीणों ने एसडीएम से रास्ते का मौके पर निरीक्षण करके उचित कार्यवाही की मांग की है। सरपंच ने बताया कि उक्त रास्ता चकबंदी का पक्का रास्ता है, इसीलिए उसे टाइल्स से पक्का किया जा रहा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है।



रेवाड़ी। भाकली गांव में बनवाया जा रहा पक्का रास्ता। फोटो :हरिभूमि

### ब्रह्मगढ़ में पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के कार्यो को लेकर की चर्चा



रेवाड़ी। ब्रह्मगढ़ में आयोजित बैठक में मौजूद ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** ब्राह्मण सभा की ओर से रविवार को ब्रह्मगढ़ परिसर में प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभा के कार्यों की आमसभा की बैठक सहित आगामी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। सभा के महासचिव जयकुमार कौशिक ने पिछले बैठक के निर्णयों पर किए कार्यो और आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। सभा प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ ने बताया कि ब्रह्मण सभा आगामी 5 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे सभा मुख्यालय ब्रह्मगढ़ पर आमसभा निश्चित की गई है। आम सभा से संबंधित व्यवस्था की जिम्मेदारी उपप्रधान दीपक शर्मा, महासचिव जयकुमार कौशिक, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र तिवारी, पीसी भारद्वाज, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश शर्मा, श्याम बाबू, दिनेश वशिष्ठ, मैनेजर हेमंत भारद्वाज व दीपक शर्मा को सौंपी गई। सभा प्रधान गौतम ने सभी कॉलेजियम सदस्यों से समाजहित में आमसभा में पहुंचने की अपील की है।

### सूक्ष्म पोषक तत्वों और कीट प्रबंधन के अनुदान के लिए 30 तक आवेदन

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से कपास की खेती के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों एवं एकीकृत कीट प्रबंधन पर अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को कपास की खेती के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व एवं एकीकृत कीट प्रबंधन पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक किसान एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य कपास की फसल में पोषक तत्वों की कमी को दूर कर उत्पादन एवं गुणवत्ता में सुधार करना तथा कीट प्रबंधन द्वारा फसल को सुरक्षित रखना है। उन्होंने जिले के सभी कपास उत्पादक किसानों से निर्धारित तिथि तक आवेदन करके योजना का लाभ उठाने की अपील की है।



डीसी अभिषेक मीणा।

### नैचाना में मेघवाल उत्थान समिति की बैठक आयोजित

**रेवाड़ी।** मेघवाल उत्थान समिति हरियाणा की साप्ताहिक बैठक का आयोजन रविवार का गांव नैचाना में किया गया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गाप्रसाद मेघवाल ने की तथा मंच का संचालन शिक्षाविद अशोक मेघवाल ने किया। सभा में समाज के अनेक प्रबुद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा में मेघवाल शब्द को अपनाने पर सहमति जताई गई ताकि समाज में सकारात्मक पहचान और सम्मान की स्थापना हो सकें। सरपंच सावंत सिंह ने कहा कि समिति का मूल लक्ष्य हरिजन एवं गुवाड़ी जैसे अपमानजनक शब्दों का परित्याग करना है। इस अवसर पर कर्मवीर पूर्व सरपंच नैचाना, बावल ब्लॉक प्रधान सूबेदार रमेश चंद्र, रेवाड़ी जिला प्रधान महेंद्र झाझरिया, रूड़ाराम, सरदार सिंह, सुजान सिंह, देवेंद्र सिंह मेघवाल, धनपत सिंह, फतेह सिंह, राहुल मेघवाल, सरपंच रविंद्र सिंह, हीरा सिंह वैध, इंस्पेक्टर सरदार सिंह, सुब्रम व देवेंद्र सिंह बावलिया धामलाका सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे। बैठक में भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।



### सेवा पखवाड़ा के तहत मेडिकल कैंप का आयोजन, सैकड़ों मरीजों ने कराई जांच

**रेवाड़ी।** सेवा पखवाड़ा के तहत मेडलिक्स डा. आरबी यादव अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, आईएमए अध्यक्ष डा. दीपक शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि डा. करतार सिंह यादव, समाजसेवी रमेश सचदेवा, दिनेश टींट भाजपा जिला सचिव, एस के अरोड़ा, अतुल बत्रा, दयाराम आर्य, प्रशांत व रणजीत सिंह बागोरिया ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। स्वास्थ्य जांच कैंप में वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डा. रामबाबू यादव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुमन यादव, सीनियर न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डा. अजय प्रसाद, डा. नीतू यादव फिजियोथैरेपीसट, डा. अजीत सिंह यादव हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, डा. पवन, डा. सरिता, राजकुमार मैनेजर व संदीप ने सेवाएं दीं। डॉक्टरों की टीम ने 90 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच करके उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि अन्य निजी अस्पतालों को भी इस तरह की पहल करने की जरूरत है ताकि जरूरतमंद लोगों को उपचार मिल सकें। डा. सुमन यादव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। स्वास्थ्य जांच कैंप जैसे आयोजन समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।



रेवाड़ी। कैंप में बीपी की जांच कराते विधायक लक्ष्मण यादव। फोटो :हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने चिकित्सा पद्धतियों का अभ्यास किया

## आईजीयू योग विभाग के विद्यार्थियों ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण

■ विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं पौष्टिक आहार को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के योग विभाग की ओर से विद्यार्थियों को स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट महेंद्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक भ्रमणों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विद्यार्थी-जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक कौशलों को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट के अध्यक्ष कैप्टन राजेंद्र सिंह खेड़ा एवं मुख्य चिकित्सक डा. भंवर सिंह कसाना, डा. कृष्णा कसाना, डा. नवीन कुमार यादव, डा. सुरेंद्र आर्य सिहमा, डा. सत्यदेव व डा. मनीष मथुरा विद्यार्थियों और प्राध्यापकों का चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा की विविधताओं जैसे मसाज, मिट्टी लेपन, मिट्टी पट्टी, संपूर्ण मिट्टी स्नान, भाप स्नान, कटि स्नान तथा एक्यूप्रेशर और फिजियोथैरेपी के उपकरणों का परिचय देते विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने इन चिकित्सा पद्धतियों का अभ्यास किया और यौगिक आहार द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन की महत्ता को भी समझा। विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं पौष्टिक आहार को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. जयपाल सिंह राजपूत, डा. अमनदीप, डा. धर्मवीर, प्रवीण कुमार, अमित कुमार तथा लिपिक रेखा सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

**मानसून के लौटने की संभावना अब नहीं, सप्ताह के अंत में छा सकते हैं बादल**

# मौसम साफ होते ही चढ़ने लगा पारा, रात को राहत

■ बरसात का अनुमान नहीं,तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दो-तीन दिन तक आंशिक बादल छाने के बाद आसमान पूरी तरह साफ होना शुरू हो गया है। मौसम साफ होने के साथ ही दिन का पारा चढ़ने लगा है, जिससे गर्मी दोपहर बाद तक पसीना छुड़ा रही है। रात का तापमान कम रहने के कारण लोग चैन की नींद सो रहे हैं। मानसून की वापसी की कोई संभावना नहीं है, परंतु सप्ताह के अंत में बादल छा सकते हैं। रविवार को सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ रहा। तेज धूप खिलने के कारण दिन का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 20.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 60 फीसदी तक रहा, जबकि हवाओं की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम कुछ इस तरह का बनने लगा है कि दिन के समय ही गर्मी परेशान कर रही है। रात का मौसम सुहाना होने से कूलरों का इस्तेमाल भी कम हो गया है।

**रात का मौसम सुहाना होने से कूलर का इस्तेमाल कम हो गया**



रेवाड़ी। अनाजमंडी में फड पर लगी बाजरे की ढेरियां। फोटो :हरिभूमि

### मंडी में बढ़ने लगी बाजरे की आवक

*मौसम साफ होने के बाद किसान तेजी से बाजरा निकालकर मंड़ियों में भेज रहे हैं। इससे मंडियों में बाजरे की आवक बढ़ गई है। बाजरे की बीस हजार बैग तक की आवक हो रही है। एमएसपी पर खरीद शुरू नहीं होने के कारण किसान आढ़तियों को बाजरा बेच रहे हैं, जिससे उन्हें पर्याप्त मूल्य नहीं मिल पा रहा है। बाजरे की क्वालिटी खराब होने के कारण भी किसानों को सस्ते दामों पर बाजरा बेचना पड़ रहा है। दूसरी ओर किसानों ने सरसों की बिजाई की तैयारी भी शुरू कर दी है। माह के अंत तक बिजाई का कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा।*

**हवा में नमी का स्तर ज्यादा बना**

हवा में नमी का स्तर अभी ज्यादा बना हुआ है, जिससे उमस भी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है। इस सप्ताह के अंत में आसमान में आंशिक बादल जरूर छा सकते हैं, परंतु बरसात का अनुमान नहीं है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### शराब ठेके के सेल्समैन से मारपीट, तोड़फोड़ करने और चोरी करने का आरोपी काबू

*रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने किशनगढ़ बालावास में शराब ठेके के सेल्समैन से मारपीट करने, ठेके का सामान तोड़ने और गल्ले से पैसे चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 18 सितंबर को पुलिस को दर्ज बयान में रोहड़ाई निवासी सुनील ने बताया था कि वह किशनगढ़ बालावास में शराब के ठेके सेल्समैन लगा हुआ है। उसके ठेके पर बालावास जमापुर निवासी नितेश कुमार ने आकर एक शराब का अध्धा देने को कहा। उसने उसे शराब का अध्धा दे दिया। पैसे मांगने पर उसने शराब के पैसे देने से मना कर दिया। उसने कहा कि वह पैसे नहीं दे रहा है, तो शराब का अध्धा वापस दे। सुनील ने आरोप लगाया कि आवेश में आकर नितेश ठेके अंदर घुस गया। उसने शराब का अध्धा उसके सिर पर मार दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। नितेश ने शराब के ठेके में रखी एलसीडी को अध्धा मारकर तोड़ दिया। कूलर और कैमरा भी तोड़ दिया। इसके बाद वहां आई एक महिला ने गल्ले से नकदी निकाल ली। उसने ठेके से भागकर अपनी जान बचाई। पड़ोसी दुकानदार दीपक ने पुलिस को फोन करने के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया। पुलिस ने 19 सितंबर को उसके बयान पर आरोपी नितेश व महिला के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।*



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।